इंदौर में सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित होगा, 10 हजार एआई डेवलपर्स को जोड़ेंगे

मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले गूगल क्लाउड इंडिया के पदाधिकारी

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 20 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को मंत्रालय में गूगल क्लाउड इंडिया के पदाधिकारियों ने भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदाधिकारियों के साथ प्रदेश में प्रशासनिक दक्षता संवर्धन, एआई आधारित सुशासन और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में एआई आधारित तकनीकी सहयोग के संबंध में राउंड टेबल मीटिंग की.

बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार और गूगल क्लाउड इंडिया के बीच एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोग स्थापित किया जा रहा है. इसमें इंदौर में सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए शीघ्र ही एमओयू होगा. यह सेंटर एआई आधारित नवाचार, अनुसंधान, स्किल डेवलपमेंट और तकनीकी समाधान विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा. सेंटर से 10 हजार से अधिक एआई डेवलपर्स को जोड़ा जाएगा, जो मध्यप्रदेश सहित देश और साउथ ग्लोबल की आवश्यकताओं के अनुरूप रियल टाइम तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएंगे.

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के बाद हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में गूगल क्लाउड इंडिया ने समृद्ध मध्यप्रदेश की अवधारणा के अनुरूप एआई आधारित विकास और सुशासन के लिए एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया. बैठक में सिंहस्थ-2028 को स्मार्ट और तकनीक-सक्षम आयोजन के रूप में विकसित करने पर विशेष चर्चा हुई. गूगल द्वारा प्रस्तुत एआई फ्रेमवर्क में रियल टाइम भीड़ प्रबंधन, प्रेडिक्टिव ट्रैफिक एवं सुरक्षा विश्लेषण, एआई आधारित इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम और डिजिटल ट्विन मॉडल जैसी अत्याधुनिक व्यवस्थाएं शामिल हैं.बैठक में सहायक नामक बहुभाषीय एवं वॉइस-सक्षम एआई एप्लीकेशन की अवधारणा भी प्रस्तुत की गई, जो सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को भीड़ की स्थिति, मार्गदर्शन, ट्रैफिक व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की रियल टाइम जानकारी स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराएगा. सुरक्षा और आयोजन प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार होगा. गूगल क्लाउड इंडिया के पदाधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में ओजस एआई फ्रेमवर्क के माध्यम से दूरस्थ क्लीनिकल निर्णय सहायता, जोखिम गर्भावस्था की पूर्व पहचान और रियल टाइम स्वास्थ्य डैशबोर्ड विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया.

ग्राम रोजगार सहायकों की भूमिका हनुमान की तरह

▸ **रोजगार सहायकों के सम्मेलन में सीएम ने कहा**

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 20 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्राम रोजगार सहायक ग्रामीण विकास और ग्राम को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. इनकी भूमिका हनुमान की तरह होती है. राज्य सरकार ग्राम रोजगार सहायकों के हित संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में हुए ग्राम रोजगार सहायकों के राज्य स्तरीय महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रोजगार सहायक प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विकास की मुख्य धुरी है. प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल भारत के स्वप्न को साकार करने ग्राम रोजगार सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। ग्राम रोजगार सहायक इस महत्वपूर्ण कार्य के सारथी हैं. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्वस्त करते हुए कहा कि ग्राम सचिवों के मानदेय बढ़ाने और उन्हें अन्य सुविधायें प्रदान करने के लिए मप्र सरकार पूरी चिंता करते हुए आवश्यक कदम उठाएगी. पूर्व में भी पारिश्रमिक दोगुना करने का निर्णय लिया जा चुका है. ग्राम सहायकों के हित में जनप्रतिनिधियों के साथ और संगठन के पदाधिकारियों के परामर्श से बैठक में विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया जायेगा.

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों में अग्रणी है. प्रदेश को ग्राम सहायकों के परिश्रम से इस कार्य में प्रथम स्थान आने का यश मिला है. कुओं, बावड़ियों, तालाबों और नदियों को उपयोगी बनाने, आम जनता को पानी बचाने और जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहे ग्राम सहायक निष्ठा से कार्य कर रहे हैं.

आर्थिक सहायता की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस महासम्मेलन के लिए भोपाल आ रहे दो ग्राम सहायक के दुर्घटना में असामयिक देवलोक गमन का समाचार पीड़ादायक है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए, दोनों के परिजन को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की राशि प्रदान करने की घोषणा की. इसके साथ ही गंभीर घायल को 1 लाख रुपये और अन्य सामान्य घायलों को समुचित उपचार के लिए 50-50 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की.

प्रधानमंत्री को सम्मानित होने पर दी बधाई

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को रोम, इटली में संयुक्त राष्ट्र संगठन के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के सर्वोच्च सम्मान 'एफएओ एग्रीकोला मैडल' से सम्मानित किया जाना किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा में संवर्धन और कृषि विकास की वैश्विक स्वीकृति है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को कृषि उत्पादकता बढ़ाने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, किसानों के कल्याण और वैश्विक स्तर पर 'श्रीअन्न (मिलेट्स) को नई पहचान दिलवाने के उनके ऐतिहासिक कार्यों के लिए प्रदान किया गया यह प्रतिष्ठित सम्मान है. प्रधानमंत्री के प्रयासों से भारत सहित अन्य देशों में भी श्रीअन्न की लोकप्रियता और उपयोग में वृद्धि हुई है

11 हजार बच्चों को मिला नि:शुल्क प्रवेश

भोपाल. शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत द्वितीय चरण की ऑनलाइन लॉटरी की प्रकिया बुधवार को संपन्न हो गई. इसमें 11 हजार 485 बच्चों को उनकी पसंद के निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश मिला. इस लॉटरी प्रक्रिया में उन बच्चों को शामिल किया गया था, जिन्हें प्रथम चरण की लॉटरी में उनकी पसंद के स्कूल आवंटित नहीं हो सके थे.द्वितीय चरण की लॉटरी में बच्चों को उनकी चुनी गई वरीयता के आधार पर निजी विद्यालयों में सीट का आवंटन 20 मई को ऑनलाइन लॉटरी की स्वचालित कंप्यूटर प्रक्रिया द्वारा किया गया. संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह द्वारा द्वितीय चरण की ऑनलाइन लॉटरी का बटन क्लिक किया गया.

गेहूं खरीदी में अव्यवस्था को लेकर पटवारी का हमला

गेहूं खरीदी में अव्यवस्था को लेकर पटवारी का हमला

विशेष संवाददाता

भोपाल, 20 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को प्रदेश में चल रही सरकारी गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला.

उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में गेहूं खरीदी प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे किसान गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं. प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जीतू पटवारी ने कहा कि खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था और ई-उपार्जन प्रणाली की तकनीकी खामियों के कारण किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेशभर से किसानों की लगातार शिकायतें सामने आने के बावजूद सरकार समस्याओं के समाधान के बजाय केवल प्रचार-प्रसार में व्यस्त है.

▸ **किसानों को हो रही हैं कई परेशानियां**

उन्होंने कहा कि ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट प्राप्त करना किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है. सर्वर बार-बार ठप हो रहा है और स्लॉट खुलते ही तुरंत भर जा रहे हैं. जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि सैटेलाइट सर्वे और एआई आधारित सत्यापन प्रणाली में गड़बड़ियों के कारण किसानों के रिकॉर्ड गलत दर्ज हो रहे हैं, जिससे पंजीयन निरस्त या लंबित हो रहे हैं, जबकि खेतों में गेहूं तैयार

कांग्रेस नेता ने खरीदी केंद्रों पर भारी अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में गेहूं लेकर घंटों और कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है. तौल मशीनों की कमी, धीमी प्रक्रिया और केंद्रों पर अत्यधिक भीड़ ने हालात और खराब कर दिए हैं. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बारदानों की कमी से खरीदी प्रभावित हो रही है और किसानों पर स्वयं बोरे लाने का दबाव बनाया जा रहा है. जीतू पटवारी ने कहा कि समर्थन मूल्य का भुगतान भी समय पर नहीं हो रहा है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस किसानों के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी.

स्विमिंग के दौरान बच्चों की बिगड़ी तबीयत

भोपाल. टीटी नगर इलाके में संचालित प्रकाश तरण पुष्कर में बुधवार स्विमिंग के दौरान 2 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई. बच्चों को तुरंत उनके परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया गया. कुछ दिन पहले यहां स्विमिंग के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी. जानकारी के मुताबिक प्रकाश तरण पुष्कर में स्विमिंग करने पहुंचे बच्चों की तबीयत अचानक खराब हो गई. बताया जा रहा कि 2 बच्चों को सांस लेने में परेशानी महसूस हुई. बच्चों के बीमार होने की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और जेपी अस्पताल में भर्ती कराया. इलाज के बाद बच्चों को आराम मिलने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई. लिंक रोड नंबर-1 पर संचालित प्रकाश तरण पुष्कर में इस दौरान करीब 25 बच्चों के होने की जानकारी सामने आई है, जहां पर सचिन और आध्या नाम के बच्चों को तैराकी के दौरान सांस लेने में परेशानी महसूस हुई.

असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस का सम्मेलन 22 को

विशेष संवाददाता

भोपाल, 20 मई. मध्यप्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 22 मई को सुबह 11 बजे भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया जाएगा. यह जानकारी संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह शक्तावत ने दी.

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 'राहुल भैया', पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे तथा पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे. कार्यक्रम में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस प्रवक्ता उदित राज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे. सम्मेलन में संगठन के प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी भाग लेंगे. बैठक के दौरान संगठन की आगामी कार्ययोजना और उसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी. कार्यक्रम के बाद सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा.

कार्यालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल
क्रमांक-1 म.प्र. प्लाट नं. 76 अरेरा हिल्स भोपाल म.प्र.

जावक क्रमाक 1041 परिवाद क्र. 04/2026
पेशी दि.-22/06/2026

श्रीमती अर्चना सुरजिया.......................परिवादी

विरुद्ध

श्री राम सिंह प्रो.मेसर्स आर.एस.आर. हाउसिंग एंड कन्स्ट्रक्शन प्रा.लि. व अन्य.......अनावेदक/विपक्षी

प्रति, श्री राम सिंह प्रो. मेसर्स आर.एस.आर. हाउसिंग एंड कन्स्ट्रक्शन प्रा.लि.पता-ई-8, एक्सटेंशन आकृति ईको सिटी के पीछे, मिसरोद जिला भोपाल मोबाइल नं. 9893034977

श्रीमती अर्चना सुरजिया ने आपके विरुद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019, की धारा 35 के अंतर्गत, परिवादपत्र दायर किया है। आप इस आयोग में दिनांक 22.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं/अधिकृत व्यक्ति/अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर परिवादपत्र एवं दस्तावेजों की प्रति प्राप्त कर परिवाद का उत्तर पेश करें, जिन पर आप अपनी प्रति रक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होते हैं या उपस्थित होकर अपने मामले का कथन पेश नहीं करते हैं, तो परिवाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा । आज दिनांक 18.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पीठ की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल म.प्र.

मंत्री से मुलाकात नहीं हो सकी

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 20 मई. आयोघ्या बायपास अर्जुन नगर के रहवासी बुधवार को सुबह 10:30 बजे क्षेत्रीय विधायक और राज्यमंत्री कृष्णा गौर के बंगले पर पहुंचे उन्होंने मंत्री से अपने विस्थापन को लेकर मिलने की कोशिश की, लेकिन वहां के कर्मचारियों ने मिलने नहीं दिया.

समाजसेवी आरती शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हम लोग 3 घंटे मंत्री के बंगले के अंदर बैठे रहे लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी. कर्ममारियों ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में गई है. अब आप कल आएं. बंगले पर पहुंचीं महिलाओं को वापस लौटना पड़ा. आरती शर्मा ने बताया कि दिन तो किसी भी तरह से कट जाता है लेकिन रात को मेट्रो परियोजना का कार्य करने वाले कर्मचारी जगह को खाली करने के लिए दबाव बनाते हैं. वे कहते है कि जल्द जगह खाली नहीं की तो सामान को उठाकर दूर कर देंगे. नगर निगम के विनोद शर्मा नामक कर्मचारी बुधवार को दिन में ट्रक लेकर पहुंचे थे. उन्होंने कहा कलेक्टर ने कहा कि अभी कोई कार्रवाई नहीं करना हैं. इसलिए अभी हम कोइ कार्रवाई नहीं करेंगे. कलेक्टर के यहां से आदेश होगा तब ही कार्रवाई जाएगी.

सजगता से सिकलसेल उन्मूलन संभव: राज्यपाल

भोपाल, 20 मई. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकलसेल एनीमिया जैसी गंभीर आनुवांशिक बीमारी के उन्मूलन में जागरूकता और जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि जांच और समुचित उपचार से रोग को नियंत्रित किया जा सकता है. जानकारी के अभाव में यह बीमारी माता-पिता से बच्चों तक पहुंच जाती है, लेकिन सजगता, सहयोग और सावधानी से इसका उन्मूलन संभव है. राज्यपाल बुधवार को बैतूल के भीमपुर में सिकलसेल स्वास्थ्य शिविर एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके भी मौजूद थे. राज्यपाल ने कहा कि कोई भी बच्चा सिकल सेल से प्रभावित नहीं हो. इसके लिए विवाह से पूर्व लड़का और लड़की के स्वास्थ्य कार्ड का मिलान अवश्य किया जाना चाहिए. राज्यपाल ने सिकल सेल एनीमिया एवं थैलेसीमिया जांच की अत्याधुनिक मशीन 'गजेल' का लोकार्पण किया. मशीन जनजातीय बाहुल्य भीमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित की जाएगी. पटेल ने कार्यक्रम में 'मिशन रानी' अभियान का भी शुभारंभ किया. यह अभियान महिलाओं, किशोरी बालिकाओं एवं गर्भवती माताओं में एनीमिया नियंत्रण के लिए प्रारंभ किया गया है.

सार्वजनिक सूचना

भूमि खसरा क्रमांक 264 एवं 265 ग्राम रतनपुर सडक, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रवेन्द्र दुबे पुत्र श्री भवानी प्रसाद दुबे ने श्रीमती सुशीला ठाकुर पत्नी श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर आयु वयस्क निवासी म. नं. 21-ए, कौशल नगर, होशंगाबाद रोड भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता भूमि डायर्वेट फार्म हाउस क्र.04 जिसका खसरा क्रमांक 264 एवं 265 कुल रकबा 0.37 हेक्टेयर में से 5500 वर्गफिट डायर्वेट भूमि, जो कि स्थित ग्राम रतनपुर सडक, विकासखंड फंदा, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.) को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया गया है. यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय या अशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था, बैक, सोसायटी अथवा अन्य का कोई हित, स्वत्व, संबंध या किसी भी प्रकार का भार-प्रभार या अन्य कोई लेन-देन हो, तो वह इस प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपति प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व, अधिकार या आपति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा.

उमेश कुमार तिवारी (अधिवक्ता)
कार्यालय- क्र.-174/5 प्रथम तल, बैरागढ़ चीचली कोलार रोड भोपाल
मो.9203651692

पश्चिम मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना, दिनांक : 18.05.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम./ पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारो से निवेदन है कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाए प्रस्तुत करें । NIT No. WCR-BPL-W : 26-27-HQ-06-19, Date : 07-05-2026, Name of work including Location : भाग-क) भोपाल एडीईएन (वर्क्स) भोपाल के अंतर्गत बीजीएल लॉबी के पास 2-2 बिस्तरों वाले 35 कमरों के साथ नए रनिंग रूम (G+1) का निर्माण। भाग-ख) भोपाल एडीईएन (वर्क्स) भोपाल के अंतर्गत भोपाल कोंग केन्द्र में उन्नयन कार्य।, Published cost of tender (Rs.) : 30453134.07, Earnest Money : 789100, Completion period : 12 माह, Last date for submitting tender : 01.06.2026, NIT No. WCR-BPL-W : 26-27-W-02-20, Date : 08-05-2026, Name of work including Location : पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल डिवीजन में कार्यरत ईईसी मेक की 10 मशीनों (मॉडल नंबर DIGISCAN DS 322 AT, सीरियल नंबर DS39LS, DS40LS, DS41LS, DS42LS, DS44LS, DS45LS, DS46LS, DS47LS, DS 97 LU और DS 98 LU) के लिए स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति सहित वार्षिक रखरखाव अनुबंध, जो कि मॉडल नंबर DIGISCAN DS 322 AT, सीरियल नंबर DS39LS, DS40LS, DS41LS, DS42LS, DS44LS, DS45LS, DS46LS, DS47LS, DS 97 LU और DS 98LU) के लिए 2 वर्ष की अवधि के लिए लागू है।, Published cost of tender (Rs.) : 2517530.00, Earnest Money : 60400, Completion period : 24 माह, Last date for submitting tender : 01.06.2026, NIT No. WCR-BPL-W : 26-27-C-3-21, Date : 09-05-2026, Name of work including Location : संत हिरदाराम नगर (फेज-1) यार्ड में प्लेटफार्म संख्या 3 और 4 की लाइनों का उपयोग मास्की दिशा की ट्रेनों द्वारा करने के लिए टर्न आउट की व्यवस्था के संबंध में पुनर्निर्माण कार्य।, Published cost of tender (Rs.) : 11948236.42, Earnest Money : 238900, Completion period : 6 माह, Last date for submitting tender : 01.06.2026, NIT No. WCR-BPL-W : 26-27-N-11-22, Date : 11-05-2026, Name of work including Location : भोपाल डिवीजन बीपीएल-बीना सेक्शन में (बीईडीटी) बरेथ (2), (केएलएच) कल्हार (2), (एमएबीए) मंडी बामोरा (2) और (केका) कुलवाई केबोरा (2) में मौजूदा प्लेटफार्मों को उच्च स्तर तक उठाना।, Published cost of tender (Rs.) : 143641776.87, Earnest Money : 2872800, Completion period : 12 माह, Last date for submitting tender : 03.06.2026, NIT No. WCR-BPL-W : 26-27-S-02-23, Date : 14-05-2026, Name of work including Location : भाग A) इटारसी स्थित वैगन मरम्मत शेड और यार्ड में ROH और सिक लाइन सुविधाओं का उन्नयन। भाग B) इटारसी — नए अस्पताल भवन का निर्माण।, Published cost of tender (Rs.) : 59702510.25, Earnest Money : 1194000, Completion period : 12 माह, Last date for submitting tender : 09.06.2026, NIT No. WCR-BPL-W : 26-27-S-03-24, Date : 14-05-2026, Name of work including Location : इटारसी पीएफ 1 पर सीओपी को बेहतर बनाने के लिए मैली फर्श गटर और शीट्स को बदलना, सीओपी कॉलम को मजबूत करना और पीएफ 6/7 पर मैली गटर को बदलना।, Published cost of tender (Rs.) : 13709928.90, Earnest Money : 274200, Completion period : 12 माह, Last date for submitting tender : 09.06.2026, NIT No. WCR-BPL-W : 26-27-W-03-25, Date : 15-05-2026, Name of work including Location : एडीईएन/एम/शिवपुरी खंड (i) शिवपुरी नई कॉलोनी के पहुंच मार्ग की मरम्मत और स्टाफ क्वार्टर के रास्ते को ऊंचा करना। (ii) शिवपुरी पुरानी कॉलोनी के पहुंच मार्ग की मरम्मत और सड़क किनारे नाली का प्रावधान।, Published cost of tender (Rs.) : 6652990.56, Earnest Money : 133100, Completion period : 6 माह, Last date for submitting tender : 08.06.2026, NIT No. WCR-BPL-W : 26-27-N-12-26, Date : 16-05-2026, Name of work including Location : एडीईएन/बीना के अंतर्गत गेदो वेरिंग या इसी तरह की ट्रॉली प्रणाली का उपयोग करके ट्रैक मापन के माध्यम से मुख्य लाइन संरेखण सुधार, पूर्व और पश्चात टैम्पिंग द्वारा।, Published cost of tender (Rs.) : 2153129.11, Earnest Money : 43100, Completion period : 12 माह, Last date for submitting tender : 08.06.2026, NIT No. WCR-BPL-W : 26-27-N-13-27, Date : 16-05-2026, Name of work including Location : एडीईएन / गुना के अंतर्गत गेदो वेरिंग या इसी तरह की ट्रॉली प्रणाली का उपयोग करके ट्रैक मापन के माध्यम से मुख्य लाइन संरेखण सुधार, पूर्व और पश्चात टैम्पिंग द्वारा।, Published cost of tender (Rs.) : 4193233.06, Earnest Money : 83900, Completion period : 12 माह, Last date for submitting tender : 08.06.2026, NIT No. WCR-BPL-W : 26-27-N-14-28, Date : 16-05-2026, Name of work including Location : भोपाल मंडल: बीना मवेशियों को बीना यार्ड क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने के लिए बाड़ लगाने और अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करना।, Published cost of tender (Rs.) : 4712245.50, Earnest Money : 94300, Completion period : 03 माह, Last date for submitting tender : 08.06.2026.

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अतः देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को विलयन कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री गोटूलाल यादव श्रीमती तारा यादव (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10515815)	पटवारी हल्का संख्या 26, खसरा संख्या 252, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट, ग्राम रूपपुर, तहसील इटारसी, जिला होशंगाबाद, मध्य-461001 की वह संपत्ति. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 1200.00, 1100.00, 880.00	रुपये 362528/- (रु. तीन लाख बांसठ हजार पांच सौ अट्ठाइस मात्र)	04-11-2025	18-05-2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिसः 183, प्रथम तल, सोनी भवन, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- भोपाल
दिनांक : 21-5-2026

प्रा. अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **श्रीमती भावना ममतानी** शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरा पूर्व में नाम **कु. सुशीला मंगतानी** उम्र वयस्क पुत्री स्वर्गीय श्री सतरामदास मंगतानी निवासी भोपाल (म.प्र.) विवाह उपरांत मेरा नाम **श्रीमती भावना ममतानी पत्नी श्री राजेश ममतानी** निवासी ब्लेयर मिंट पाइन ब्लॉक फ्लैट नंबर 411 एयरपोर्ट रोड भोपाल (म.प्र) हो गया, अतः भविष्य में मुझे **श्रीमती भावना ममतानी** निवासी उक्त पता के नाम से समस्त दस्तावेज में भी जाना-पहचाना व माना जाएगा ।

समर कैंप में बच्चे सीख रहे हैं योग-ध्यान

भोपाल, 20 मई. इंद्रपुरी स्थित ऋषि वाटिका इन दिनों बच्चों की रचनात्मकता और सीखने की गतिविधियों से गुलजार है. 'गुरुकुल - चरित्र निर्माण का केंद्र' थीम पर आयोजित समर कैंप में बच्चे गर्मी की छुट्टियों का आनंद लेते हुए नई-नई चीजें सीख रहे हैं. शिविर 24 मई तक चलेगा. इसमें बच्चों को योग, ध्यान, वेद ज्ञान और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है. मेघा मालवीय के संयोजन में आयोजित इस शिविर में पारंपरिक भारतीय संस्कृति और आधुनिक रचनात्मक गतिविधियों का सुंदर मेल देखने को मिल रहा है. बच्चों के लिए जुंबा सेशन, क्लासिकल डांस, ड्रॉइंग और क्रिएटिव आर्ट जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं .इन गतिविधियों में बच्चे पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं.रंगों और संगीत से भरे सत्र बच्चों की कल्पनाशीलता को नई दिशा दे रहे हैं. शिविर का खास आकर्षण बच्चों द्वारा सफेद शीट पर रंग-बिरंगे हाथों की छाप बनाना रहा.

कब्जा नोटिस

जबकि, IIFL-HFL ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (54 ऑफ 2002) (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत तथा उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पढ़ा जाए, ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता, गारंटर, बंधककर्ता को राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया, जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है और इसके बाद, IIFL-HFL ने दिनांक 29-दिसंबर-2025 के असाइनमेंट समझौते के माध्यम से, IIFL-HFL बैंक द्वारा उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को दी गई सुविधाओं से उत्पन्न उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा देय ऋणों के संबंध में अपने सभी अधिकार, स्वामित्व, हित और लाभ, साथ ही अंतर्निहित अचल संपत्ति, फीनिक्स आर्क लिमिटेड (पूर्व में फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को सौंप दिए हैं, जो फीनिक्स ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रहा है - ट्रस्ट एफवाय 26-14 (फीनिक्स) सुरक्षा रसीद धारकों के लाभ के लिए. अतः, उक्त आवंटन के मद्देनजर, फीनिक्स अब IIFL-HFL के स्थान पर प्रतिस्थापित हो गया है और फीनिक्स उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार के विरुद्ध सभी प्रकार की कार्यवाही शुरू करने/जारी रखने तथा वित्तीय दस्तावेजों के अंतर्गत अपने अधिकारों और लाभों को लागू करने का हकदार होगा, जिसमें उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा ली गई वित्तीय सुविधाओं के लिए निष्पादित और निर्मित गारंटी और सुरक्षा हित को लागू करना भी शामिल है.
ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा उक्त राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि फीनिक्स के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) और उक्त नियमों के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित अचल संपत्ति पर 'जैसा है, जहां है और जो कुछ भी है' के आधार पर नीचे उल्लिखित तिथि से कब्जा कर लिया है.

देनदारों / सहदेनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया.... रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री हिरदेश, श्रीमती मनीषा स्थेर कनक कलेक्शन (प्रॉस्पेक्ट नं. इज्ञ0284041)	महाकाल धाम, तहसील और जिला सीहोर, मध्य प्रदेश-466001 स्थित प्लॉट नं. 102 का पूरा हिस्सा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, विक्रय योग्य क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्र: 720.00, 650.00, 720.00	रुपये 1103393/- (रु. ग्यारह लाख तीन हजार तीन सौ तिरानवे मात्र)	17-10-2025	18-05-2026
श्री राहुल कहार श्री गणेशराम कहार श्रीमती कुसुम बाई कहार (प्रॉस्पेक्ट नं. 937579)	95, एसआरपी ग्रीन बेक, मौजा, पीएच नंबर 19/18, कुलहमदी रोड, होशंगाबाद, 461001, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र 625.00, 625.00	रुपये 399808/- (रु. तीन लाख निन्यानवे हजार आठ सौ आठ मात्र)	04-12-2025	18-05-2026
श्री जीवन लाल सारथे श्रीमती सुधा बाई सारथे जीवन हेयर सैलून (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10269602)	खसरा संख्या 26/4, पीएच नं. 17, वार्ड संख्या 14, मौजा डोंगरी, तहसील और जिला नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश, भारत, 461001 का पूरा भूखंड. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल: 720.00, 750.00, 675.00	रुपये 1352554/- (रु. तेरह लाख बावन हजार पांच सौ चौवन मात्र)	08-10-2025	18-05-2026
श्री प्रेमनारायण प्रजापति श्री मोहन लाल श्रीमती गुड्डी बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10764848)	प्लॉट संख्या 20, खसरा संख्या 42/2/2, एडमिन 705 वर्ग फुट, पवैया विहार, वन कॉलोनी, गंज, ग्राम चावनी, तहसील और जिला सीहोर, मध्य प्रदेश 466115 में स्थित है. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल: 705,600	रुपये 637257/- (रु. छह लाख सैंतीस हजार दो सौ सत्तावन मात्र)	04-12-2025	18-05-2026

ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि फीनिक्स उपर्युक्त अचल संपत्ति पर वैध कब्जे में है और सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(13) के तहत, ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार या कोई भी व्यक्ति, इस सूचना की प्राप्ति के बाद फीनिक्स की पूर्व लिखित सहमति के बिना अचल संपत्ति को बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से हस्तांतरित/हस्तांतरित नहीं करेगा और अचल संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन फीनिक्स द्वारा उपर्युक्त राशि के साथ-साथ संविदात्मक दर पर भविष्य के ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के प्रभार के अधीन होगा. ऋणकर्ताओं/गारंटरों/गिरवीदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो उपर्युक्त अचल संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं संपत्ति.

स्थान: भोपाल, दिनांक 21-5-2026 — हस्ता. अधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)

फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से जाना जाता था)

सीआईएन क्रमांक-U67190MH2007PLC168303 वेबसाइट: www.phoenixarc.co.in पंजीकृत कार्यालय: तीसरी मंजिल, वॉलेस टावर्स, 139/140/B/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे का चौराहा, विले पार्ले ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र, 400057. दूरभाष: +91 02268492450.

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा - 390007, गुजरात

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई - 400051, महाराष्ट्र

शाखा पुनःस्थापन सूचना

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सावलखेड़ा शाखा की ओर से

प्रिय ग्राहको,

आपको सूचित किया जाता है कि 20 जुलाई, 2026 से हम अधिक सुविधाजनक स्थान पर स्थानांतरित हो रहे हैं। नए स्थान का पता नीचे उल्लिखित है:

नया स्थान: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर-116/2, सावलखेड़ा, ओपी. डोंगरिया बाबा, मर्यादित हरदा रोड, जिला-नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश-461001

आपके खाता नंबर या आपको जारी की गई सुरक्षा वस्तुओं में कोई बदलाव नहीं होगा।

हमारी सावलखेड़ा शाखा में लॉकर रखने वाले ग्राहकों के लिए निम्नलिखित दिशानिर्देश लागू हैं।

अपनी शाखा को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में, हम सुरक्षित जमा लॉकरों को भी ऊपर बताए गए पते पर स्थानांतरित करेंगे। लॉकर इकाइयों की शिफ्टिंग 16 जुलाई, 2026 को शुरू होगी और उन्हें 19 जुलाई, 2026 को नए स्थान पर स्थापित किया जाएगा।

यदि आप अपने लॉकर को नए स्थान पर संचालित करना जारी रखना चाहते हैं, तो हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप अपना लॉकर खाली कर दें और इसकी सामग्री का प्रभार अपने पास ले लें। कृपया 16 जुलाई, 2026 से पहले ऐसा करें। आप अपनी सुविधानुसार, 19 जुलाई, 2026 के बाद बैंकिंग घंटों के दौरान, कभी भी, उन्हें नए स्थान पर बदल सकते हैं।

यदि आप अपना लॉकर खाली करने में असमर्थ हैं, तो हमें लॉकर इकाइयों को उसकी सामग्री सहित स्थानांतरित करना होगा। लॉकर इकाइयों को उचित पर्यवेक्षण के तहत स्थानांतरित किया जाएगा और उन्हें सावधानी से संभालने के लिए हर सावधानी बरती जाएगी।

आपको हर समय सर्वोत्तम सेवाओं का आश्वासन।

सादर,
शाखा प्रबंधक, सावलखेड़ा शाखा